फतेहगढ़ पुलिस

स्वराज जागरण

मिशन शक्ति अभियान, जागरूक बनो खुद की रक्षा खुद करो-थाना पुलिस

» स्वराज जागरण संवाददाता।

फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थानों में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के माध्यम से पुलिस टीमों ने गांव-गांव और कस्बों में जाकर महिलाओं व युवतियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाने का संदेश दिया।

जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति की टीमों ने महिलाओं को नवीन कानूनों और लैंगिक अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस ने युवतियों को सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग और सोशल मीडिया के प्रति सतर्क रहने के टिप्स दिए।

टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हुए शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

साथ ही किसी भी विपरीत परिस्थिति में तत्काल सहायता के लिए आपातकालीन नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 नंबरों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिलाएं खुद को अकेला न समझें, पुलिस हर कदम पर उनकी सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है।

मीडिया सेल फतेहगढ़